प्रादेशिक समाचार

16.11.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. झारखंड स्थापना के रजत पर्व के दूसरे दिन के समारोहों के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची में भव्य झारखंड जतरा में हुए शामिल, मोरहाबादी मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम जारी।

2. घाटशिला के नवनिर्वाचित विधायक सोमेश सोरेन ने आज मुख्यमंत्री से की मुलाकात, उनकी जीत को जनता के विश्वास की जीत बताते हुए मुख्यमंत्री ने अधूरे जनहित कार्यों को पूरा करने का जताया भरोसा।

3. झारखंड कांग्रेस ने नए प्रवक्ताओं के चयन के लिए की नेशनल मीडिया टैलेंट हंट प्रोग्राम की शुरुआत, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा– प्रतिभागियों का चयन पारदर्शी मानकों के आधार पर किया जाएगा।

4. राज्य के विभिन्न जिलों के जेलों में जेल अदालत और मेडिकल कैंप का हुआ आयोजन, बंदियों को कानूनी प्रक्रिया और सरकारी विधिक सहायता की दी गई जानकारी।

5. राजधानी रांची समेत 11 जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की जताई संभावना।

****

झारखंड स्थापना के रजत पर्व को यादगार बनाने के लिए रांची में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन आज भव्य "झारखंड जतरा" का आयोजन किया गया। इसके तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डोरंडा के जैप–1 ग्राउंड से फिरायालाल चौक होते हुए बिरसा मुंडा स्मृति पार्क, जेल चौक तक झारखंड जतरा में ढोल–नगाड़ा बजाकर हिस्सा लिया और स्थानीय कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। जतरा में विभिन्न जनजातीय और स्थानीय समुदायों ने पारंपरिक वेशभूषा, नृत्य, गीत और झांकियों के माध्यम से अपनी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। वहीं शाम के समारोहों में मोरहाबादी मैदान में भव्य ड्रोन शो आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भगवान बिरसा मुंडा की जीवनगाथा और झारखंड की समृद्ध संस्कृति को आकर्षक दृश्यों के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम में राज्य के पारम्परिक विधाओं का समावेश करते हुए राज्य के समृद्ध कला संस्कृति को प्रदर्शित किया जा रहा है जिसका थीम "रिदम ऑफ फोक" है।

****

झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर देवघर जिले को कई लाभ मिले हैं।

****

घाटशिला विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक सोमेश सोरेन ने आज रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उन्हें विधानसभा चुनाव में जीत की बधाई दी और कहा कि यह जनता के विश्वास और आकांक्षाओं की जीत है। उन्होंने भरोसा जताया कि सोमेश सोरेन स्वर्गीय रामदास सोरेन द्वारा शुरू किए गए जनहित कार्यों और अधूरे सपनों को आगे बढ़ाने में अपनी प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे।

****

झारखंड कांग्रेस ने प्रदेश और क्षेत्रीय स्तर पर नए प्रवक्ताओं की नियुक्ति के लिए 'नेशनल मीडिया टैलेंट हंट प्रोग्राम' की शुरुआत कर दी है, जिसकी जानकारी प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दी। आज रांची स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत पूरे राज्य को सात जोन में विभाजित किया गया है, जहां प्रतिभागियों का चयन राजनीतिक जागरूकता, संचार कौशल, वैचारिक प्रतिबद्धता और मीडिया उपस्थिति जैसे मानकों के आधार पर किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी, जिसमें एनजीओ, सिविल सोसाइटी और मीडिया जगत के प्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची स्थित जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के वार्षिक सांस्कृतिक समारोह हारबिंगर्स 2025 (HARBINGERS–2025) में शिरकत करते हुए विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा और महेंद्र सिंह धोनी जैसी प्रतिभाओं पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों की रचनात्मकता और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन का महत्वपूर्ण माध्यम है तथा शिक्षा का उद्देश्य जिम्मेदार और संस्कारित नागरिक तैयार करना है। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों का उल्लेख करते हुए छात्रों को ईमानदारी, परिश्रम और सकारात्मकता अपनाने का संदेश दिया और विद्यालय प्रशासन और अभिभावकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

****

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2025 समारोह में शामिल हुए। श्री वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि हमारे लोकतंत्र में प्रेस की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया था।

****

देशभर में आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जा रहा है। इसी दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना हुई थी। यह दिवस देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाने में एक स्वतंत्र, जिम्मेदार और नीतिपरक प्रेस की भूमिका की पुष्टि करता है।

****

राज्य के विभिन्न जिलों के जेलों में आज जेल अदालत और मेडिकल कैंप का आयोजन हुआ। इसके तहत लोहरदगा मंडल कारा में जेल बंदियों को जेल अदालत और कानूनी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और मेडिकल टीम के सदस्य उपस्थित रहे जिन्होंने मेडिकल जांच में 24 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

****

इधर गुमला जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष ध्रुव चंद्र मिश्र के निर्देश पर मंडल कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

****

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रामगढ़ और हजारीबाग में शीतलहर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है, जिससे तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

*******समाप्त********